# सूचना के अधिकार की खुलेआम धज्जियां

**रमपुरी प्रभारी सचिव पर गंभीर आरोप** | जनपद सीईओ से लेकर बाबुओं तक बने मूकदर्शक, सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों पर भी सन्नाटा

**कुरई नवभारत। सूचना का अधिकार अधिनियम, जिसे लोकतंत्र की रीढ़ कहा जाता है, वही आज ग्राम रमपुरी में दम तोड़ता नजर आ रहा है। सूत्रों के अनुसार रमपुरी के प्रभारी सचिव अजय जामुनपाने पर न सिर्फ आरटीआई की अनदेखी के गंभीर आरोप हैं, बल्कि उन पर शासकीय राशि को खुद के खाते में डलवाने जैसे बड़े कांड भी दर्ज बताए जा रहे हैं।**






चौंकाने वाली बात यह है कि इन आरोपों को लेकर सीएम हेल्पलाइन पर शिकायतें दर्ज हुए लंबा समय बीत चुका है, लेकिन आज तक न जांच हुई, न कोई ठोस कार्रवाई। इससे साफ संकेत मिलते हैं कि कहीं न कहीं पूरा सिस्टम मौन साधे बैठा है।

सूत्र बताते हैं कि जनपद पंचायत कुरई के अधिकारी, जिनकी जिम्मेदारी निगरानी और कार्रवाई की है, वे या तो आंखों पर पट्टी बांधे बैठे हैं या फिर हालात ऐसे हैं कि रोजगार सहायक और सचिवों के सामने घुटने टेकते नजर आ रहे हैं। सवाल यह उठता है कि आखिर किसके संरक्षण में यह सब हो रहा है?

आरटीआई आवेदकों को न समय पर जानकारी मिल रही है, न जवाब। नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, और जिम्मेदार अधिकारी सिर्फ तमाशबीन बने हुए हैं। यदि आरोप सही हैं तो यह केवल भ्रष्टाचार नहीं, बल्कि सरकारी तंत्र की साख पर सीधा हमला है।

अब बड़ा सवाल यह है कि क्या जनपद पंचायत कुरई के अधिकारी सच में अंजान हैं? या फिर सब कुछ जानकर भी जानबूझकर चुप्पी साधी गई है? और क्या सीएम हेल्पलाइन सिर्फ शिकायत दर्ज कराने का माध्यम बनकर रह गई है? जनता और जागरूक नागरिकों की निगाहें अब प्रशासन पर टिकी हैं। यदि समय रहते निष्पक्ष जांच नहीं हुई, तो यह मामला आने वाले दिनों में बड़े प्रशासनिक और राजनीतिक भूचाल का कारण बन सकता है।

## बड़े महादेव को नगर से रवाना हुआ 51 किलो वजनी त्रिशूल

**पूजन स्पर्श कर नगर के बैंनगंगा नदी पुल घाट पर होगा विराजित**



**छपारा नवभारत।** नगर से 6 फरवरी को दोपहर लगभग 51 किलो वजनी त्रिशूल के साथ श्रृद्धालुओं का एक जत्था दर्शन पूजन पंचमढ़ी बड़ा महादेव के लिए रवाना हुआ इसके पूर्व त्रिशूल के साथ बैंड बाजा सहित धूमधाम से श्रद्धालुओं के द्वारा रैली निकाली गई जो नगर के संजय कॉलोनी चौराहा से त्रिशूल की पूजन अर्चन के बाद प्रारंभ हुई जो मुख्य मार्ग होते हुए बस स्टैंड परिसर पहुंची जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने त्रिशूल के पूजन दर्शन किए उक्त अवसर पर ठाकुर निलेश्वर सिंह एवं अंकित गोलू ठाकुर, नीलेश साहू, गब्बर श्रीवास्तव, भैरव साहू, विनीत यादव सहित स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही। ज्ञात हो कि विगत 5 वर्षों से लगातार श्रद्धालुओं के द्वारा पचमढ़ी बड़ा महादेव दर्शन करने एवं त्रिशूल भेंट करने के लिए युवाओं का जत्था जाने का क्रम बना हुआ है जहां भगवान शिव के समक्ष मंदिर में त्रिशूल की पूजन अर्चन एवं स्पर्श कर वापस लाकर छपारा नगर के लक्ष्मी नारायण गोल्डन टेंपल मंदिर बैंनगंगा नदी पुल घाट पर स्थापित किया जाएगा। जहां पूर्व में नगर के बड़ा बगीचा हनुमान मंदिर, खैर माई मढिया, शनि देव मंदिर एवं बस स्टैंड परिसर स्थित वैष्णव देवी मंदिर कुल चार स्थानों पर त्रिशूल स्थापित किए जा चुके हैं ।

### एक नजर में

### तीन दिवसीय वेदांत महोत्सव का शुभारंभ -लक्ष्मी कश्यप

सिवनी। गत दिवस सिवनी के महर्षि पतंजलि योग ध्यान साधना संस्थान बारापत्थर योग भवन मे महाकौशल प्रांत के अंतर्गत सिवनी और जबलपुर मे 5 फरवरी से 7 फरवरी तक तीन दिवसीय वेदांत महोत्सव क आयोजन क शुभारंभ योग सम्राट आचार्य महेंद्र मिश्र ने दीप प्रज्वलित कर बच्चों के बौधिक एवं शरेरिक विकास के सर्वांगीण पहल के अंतर्गत स्वास्थ ,सनातन हिन्दू संस्कार ,शिक्षा और शक्ति जनजागृति अभियान पर बालक वेद को तिलक वंदन कर अभियान को प्रारंभ किया। इस अवसर पर आचार्य महेंद्र मिश्र ने कहे कि छात्र जीवन पर एन. सी. सी. से और घर के संस्कार के करण सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मी कश्यप पौधरोपण ,स्वच्छता अभियान मे अभिनव पहल की है। लक्ष्मी कश्यप ने कहा कि बाल अवस्था से संस्कार जीवन को सुशोभित करते हे जो आज अति आवश्क हे आधुनिक युग मे बच्चों क माता -पिता क प्रेम जग जाहिर हो रहा हे जिससे येसा जनजागृति अभियान प्रारंभ किया जा रहा है।



### नगर देवी मंदिर में वार्षिक महोत्सव आज



बरघाट। नगर के देवी मंदिर शक्ति धाम बरघाट में आज 7 फरवरी दिन शनिवार को फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष की षष्टि तिथि की पावन बेला के अवसर पर मां जगत जननी का पूजन अर्चन एवं हवन कार्यक्रम रखा गया है। मंदिर समिति द्वारा बताया गया है कि नगर देवी मां जगत जननी के दसवें पाठोत्सव के अवसर पर पूजन हवन पश्चात भंडारा भी आयोजित किया गया है। सभी धर्म प्रेम बंधुओ से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में नगर देवी मां जगत जननी के वार्षिक महोत्सव में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करें।

### शिवम् सूर्यवंशी ने किया जेआरएफ क्वालीफाई



सिवनी। यूजीसी द्वारा दिसंबर 2025 में आयोजित नेट परीक्षा में शिवम् सूर्यवंशी ने भूगोल विषय में जेआरएफ (जूनियर रिसर्च फैलोशिप) क्वालिफाई किया है। राष्ट्रीय स्तर की इस परीक्षा में उन्होंने 99.64 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर यह सफलता अर्जित की है। इस सफलता के परिणाम स्वरूप उन्हें पी.एच.डी. के दौरान अपने शोध कार्य के लिए 5 वर्षों तक ?50,000प्रतिमाह यूजीसी द्वारा स्कॉलरशिप प्रदान की जावेगी। शिवम् भोमा( सिवनी) निवासी शिक्षक संतोष सूर्यवंशी के पुत्र हैं।

## छपारा में चोरी का खुलासा, क्राइम ब्रांच ने चोर पकड़ा

**छपारा नवभारत।** नगर में हुई नकबजनी के मामले में जबलपुर क्राइम ब्रांच ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से लगभग 300 ग्राम चांदी के जेवर और 1 लाख 28 हजार रुपये नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत क्राइम ब्रांच को मुखबिर से सूचना मिली थी। इसके आधार पर हनुमानताल निवासी गुलफाम उर्फ गुड्डू खान (24) को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपने साथियों के साथ मिलकर 28-29 जनवरी को सिवनी जिले के छपारा नगर में चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी ने बताया कि चोरी का कुछ माल सराफा दुकान में बेचा गया, जबकि चांदी के जेवर और नगदी आपस में बांट ली गई। आरोपी को थाना छपारा पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। उसके अन्य साथी और सराफा दुकान संचालक फिलहाल फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है।



## बेटे ने की थी पिता की हत्या, डुण्डासिवनी पुलिस ने किया खुलासा

**सिवनी नवभारत।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता व्दारा अपराध पर अंकुश लगाने के लिए हरसंभव प्रयासरत रहते है एवं अपराधियो के विरुद्ध त्वरित एवं सख्त कार्यवाही हेतू निर्देशित किया जाता रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं अनु. अधिकारी (पुलिस) सिवनी सचिन परते के मार्गदर्शन में थाना डूण्डासिवनी क्षेत्र मे बीझावांडा मंगल कलोनी मे हुए विवाद मे 90 साल के बुजुर्ग की हत्या का खुलासा किया है।

05.02.26 को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बीझांवाडा मे झगडा विवाद मे रघुराज बघेल जो घायल हो गये है जिला अस्पताल ईलाज हेतु लाया गया था जो ईलाज के दौरान रघुराज बघेल उम्र 90 साल की मृत्यू हो गयी है कि सूचना पर थाना डूण्डासिवनी मे अपराध क्रंमाक 57/2026 धारा 103(1) बी एन एस कायम कर विवेचना मे लिया गया।

पुलिस व्दारा तत्काल मौके पर जाकर पतासजी की गयी जो पता चला कि पिता और पुत्र दोनो एक साथ रहते थे पैसे मांगने की बात पर से पुत्र रवि बघेल ने अपने पिता रघुराज बघेल को डंडे से सिर मे मारकर गंभीर चोट पंहुचा कर घर के बाहर वाले दरवाजे मे ताला बंद कर भाग गया था जो बगल मे रहने वाले रिश्तेदारो ने ताला तोड कर घायल को अस्पताल पंहुचाये जो ईलाज के दौरान मृत्यू हो गयी थाना स्तर पर टीम गठित कर आरोपी कि तलास पतासजी की गयी जो चंद घंटो मे डूण्डासिवनी पुलिस व्दारा आरोपी को हिरासत में लिया जाकर आज दिनांक को माननीय न्यायालय सिवनी के समक्ष पेश किया गया जिसे न्यायायिक अभिरक्षा मे भेजा गया।

**विशेष भूमिका:** निरी. चैनसिंह उइके, सउनि बालकृष्ण त्रिगाम, संजय बघेल, प्र. आर. संजू उइके, रणजीत पटले, धूपलाल नेताम, आर. नितेश राजपूत, कृष्णकुमार भालेकर, मिथलेश सूर्यवंशी, सीताराम जावरे, अकलेश माहोरे, अनुराग दुबे, केसरीनंदन ऐडे धनराज वरकडे. रघुराज यादव, सैनिक शीलकुमार अवस्थी, सुनील डेहरिया का योगदान रहा।

## जो आदिवासी है वह सनातनी है और जो सनातनी हैं वह आदिवासी है : प्रज्ञानंद जी

**सोने के मृग रूपी कपटी मारीच से बेटियां सावधान रहे : राज योगिनी गीता दीदी**

**सिवनी नवभारत।** जो आदिवासी है वो सनातनी है जो सनातनी हैं वो आदिवासी है। हमें आदिवासियों पर गर्व है उन्होंने अपनी प्रकृति पूजा को नहीं छोड़ा। जल जंगल और जमीन का पोषण हमारे आदिवासी भाइयों ने किया卐 उक्त विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर ग्राम भोमा में आयोजित विशाल हिंदू सम्मेलन के अवसर पर स्वामी श्री प्रज्ञानंद सरस्वती जी महाराज द्वारा व्यक्त किए गए। सामाजिक समरसता पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि दलित और हरिजन नाम हमने नहीं दिया हमारे धर्म ग्रंथो में अंत्यज ऐसा कहा गया जिसका अर्थ छोटा भाई होता है। हमारे चारों वर्ण एक मां के चार बेटों की तरह हैं। उन्होंने कहा कि सनातन में जन्म लेना गौरव की बात है क्योंकि हम पूरे विश्व को कुटुंब मानते हैं और सबके कल्याण की कामना करते हैं। जाति के आधार पर कोई भी छोटा बड़ा नहीं होता। अछूत जैसी व्यवस्था सनातन का हिस्सा नहीं है।

इस अवसर पर मातृशक्ति का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रजापति ब्रह्म कुमारी राज योगिनी गीता दीदी ने परिवार में नारी की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि जब तक हमारे परिवार में संगठन रहेगा देश आगे बढ़ेगा केवल जयकारों से राष्ट्र नहीं बनता।उन्होंने बेटियों को सावधान करते हुए कहा कि सोने के मृग रूपी कपटी मारीच समाज में घूम रहे हैं उनके आकर्षण में न फसें।



हमेशा सदमार्ग में रहे हैं और अपनी लक्ष्मण रेखा पार ना करें। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रतिनिधि के रूप में संघ के 100 वर्षों का इतिहास और कार्यों की बात रखते हुए संघ के विभाग संपर्क प्रमुख श्री प्रवीण मिश्रा ने कहा कि संघ में लोग होते तो हैं पर वे दिखते नहीं अर्थात संघ के स्वयंसेवक अपने नाम और कार्यों के प्रचार से दूर रहकर सदैव राष्ट्र और सामाज कार्यों में लगे रहते हैं। उन्होंने बताया कि किस प्रकार साधारण से लोगों के द्वारा संघ से जुड़कर असाधारण कार्य किए गए हैं। संघ से निकले संस्कारित स्वयंसेवकों के द्वारा समाज जीवन के विभिन्न क्षेत्र जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य,सेवा, संस्कार,धर्म , महिला, मजदूर, किसान ,युवा, राजनीति आदि क्षेत्र में बड़े-बड़े संगठनों की स्थापना से लेकर गोवा को पुर्तगालियों से मुक्त कराने में

स्वयंसेवक का बलिदान तथा युद्ध, बाढ़, भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं तथा दुर्घटनाओं के समय निस्वार्थ एवं आत्मीय भाव से राष्ट्रहित में त्वरित सहयोग और सेवा कर बहुमूल्य योगदान दिया है। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा समाज की ज्वलंत समस्याओं जैसे नशा, वृद्ध आश्रम तथा राष्ट्र प्रेम से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया अंत में भारत माता की आरती और सह भोज के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। आभार प्रदर्शन आयोजन समिती के संरक्षक श्री ओमप्रकाश तिवारी द्वारा व्यक्त किया गया।

## ओपन वर्ग में ज्वाला देवी सेमीफाइनल तो वेटरन वर्ग में जेआरबी पटेल पहुंची क्वार्टर फाइनल में

**सिवनी नवभारत।** मिशन स्कूल ग्राउंड में आयोजित पार्षद गोल्ड कप ओपन और वेटरन वर्ग डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट अब अंतिम चरण में है जिसके मेगा फाइनल के महामुकाबले 8 फरवरी को खेले जाएंगे।

24 फरवरी से आयोजित पार्षद गोल्ड कप क्रिकेट डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में ओपन वर्ग में जिले की 8 टाप टीमें तो वेटरन वर्ग की 22 टीमों ने अपने खेलों का प्रदर्शन करते हुए अपनी विरोधी टीमों को मात देते हुए लीग से क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल पहुंची और पहुंचने की भिंड़त जारी है। इस भिंड़त से जूझकर आने वाली टीमों का महामुकाबला 8 फरवरी को खेला जाना है पार्षद गोल्ड कप अपने नाम करने अब मुकाबले अंतिम चरण में हैं। 5 फरवरी को खेले गए ओपन वर्ग के मैचों में पहला मैच अजान रायल सिटी और ज्वाला देवी टाइगर्स के मध्य खेला गया खेला गया। जबकि दूसरा मुकाबला अजान 11 और कृष्णम आइकन के मध्य खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करने उतरी अजान 11 ने निर्धारित 8 ओवरों में 6 विकेट खोकर 100 रनों लक्ष्य विरोधी टीम के समक्ष रखा अजान 11 की ओर बल्लेबाजी करते हुए इमरान ढिल्लन ने 28, अनस खान 24 और असीम 26 रन बनाए वहीं कृष्णम आइकन की ओर से गेंदबाजी में आलोक कुमार ने 2 ओवर में 11 रन देकर 3 और 2 ओवर में 17 रन खर्च करते हुए 2 विकेट झटके अपने लक्ष्य का पीछा करने उतरी कृष्णम आइकन ने बिना विकेट खोए यह लक्ष्य को 6.5 ओवर में ही हासिल करते हुए 10 विकेट से यह मैच आसानी जीत लिया कृष्णम आइकन के ओपनर बल्लेबाजों में आलोक कुमार ने 21 गेंदों में 55 रन की पारी खेलते हुए 7 छक्के और 4 चौंके लगाए वहीं शुभम पटेल ने 20 गेंदों में 6 छक्कों की मदद से 42 रनों की लाजवाब पारी खेली। ओपन वर्ग का तीसरा मुकाबला ज्वाला देवी टाइगर्स और जैस 11 के मध्य खेला गया जहां पहले बल्लेबाजी करते हुए ज्वाला देवी टाइगर्स ने 7 खिलाड़ियों को खोकर 84 रनों का स्कोर निर्धारित 8 ओवरों में जैस 11 के सामने रखा जिसका पीछा करते हुए 6.4 ओवर में ही जैस के खिलाड़ियों ने 5 विकेट गंवाकर कर यह लक्ष्य हासिल कर जीत दर्ज कराई। अपने शानदार खेल प्रदर्शन टीम के अनुशासन और एकजुटता के चलते टीम ज्वाला देवी टाइगर्स ने ओपन वर्ग की श्रृंखला में सेमीफाइनल के लिए पहली टीम बनी। अंतिम मुकाबला वेटरन वर्ग की टीम एमसीजी और सिंघम के बीच खेला गया 8 ओवरों के इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए एमसीजी ने 4 विकेट खोकर 67 रन ही बना सकी जिसके जवाब में टीम सिंघम ने यह मुकाबला 3 गेंद पहले अपने 5 विकेट गंवाकर कर 5 विकेट जीत लिया। इन मैचों में निर्णायक की भूमिका में सुनील सिंह, बंटी शैरा, राजा यादव, मिथलेश रहे जबकि आनलाईन स्कोरिंग में जीत सिंह, जस्टिन ठाकुर का योगदान रहा। 7 जनवरी को सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे।

### भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं आश्रितों की बैठक 10 को

सिवनी। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अमरेन्द्र कुमार दास द्वारा बताया गया कि कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिला सैनिक कल्याण बोर्ड श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में शाम 4.00 बजे जिला सैनिक कल्याण बोर्ड सिवनी द्वारा भूतपूर्व सैनिकों की वार्षिक बैठक का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अमरेन्द्र कुमार दास ने बताया कि बैठक में शामिल होने वाले सभी भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों, विधवाओं एवं उनके आश्रितों से अनुरोध है कि वे शाम 3.00 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में उपस्थित होकर अपने सुझाव दे सकते हैं।

## अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ आज

**भोपाल 11 की दमदार एंट्री से बढ़ा प्रतियोगिता का रोमांच**



**सिवनी नवभारत।** यंग स्टार क्लब, सिवनी के तत्वावधान में स्व. श्री सौभाग्यचंद मालू की स्मृति में आयोजित अशोक एण्ड अशोक अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन समारोह 7 फरवरी 2026, शनिवार को दोपहर 2.30 बजे पुलिस ग्राउंड, सिवनी में आयोजित किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर की नामचीन 20 हॉकी टीमें भाग लेंगी, जिससे शहर में खेल का माहौल उत्सव में बदल गया है।

प्रतियोगिता से पूर्व 6 फरवरी को पुलिस ग्राउंड से अतिथियों एवं खिलाड़ियों की सहभागिता के साथ मशाल रैली निकाली जाएगी, जो खेल भावना, एकता और उत्साह का संदेश देगी। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि सुनील कुमार मेहता, पुलिस अधीक्षक, सिवनी होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुजीत जैन, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, म.प्र. भाजपा करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में महेन्द्र उड़के, वन मंडल अधिकारी (उत्तर सिवनी) तथा अशोक ध्यानचंद, पूर्व ओलंपियन, अर्जुन अवार्ड एवं मेजर ध्यानचंद लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित अपनी गरिमामयी उपस्थिति देंगे।

प्रतियोगिता के मुख्य संरक्षक के रूप में भारती पारधी (सांसद, बालाघाटङ्कसिवनी), कमल मर्सकोले (विधायक, बरघाट), ठाकुर रजनीश सिंह (विधायक, केवलारी) एवं दिनेश राय मुनमुन (विधायक, सिवनी) का मार्गदर्शन प्राप्त रहेगा।

फॉरवर्ड लाइन में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी उमर और भारतीय खिलाड़ी अफ्फान यूसुफ की मौजूदगी टीम की सबसे बड़ी ताकत है। इनके साथ अनस और अख्तर की तेज रफ्तार आक्रमण क्षमता टीम को खिताब का प्रबल दावेदार बना रही है। आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी अब्दुल काबिज़ खान ने जानकारी देते हुए बताया कि टूर्नामेंट के सफल आयोजन हेतु सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं।

उन्होंने बताया कि पुलिस ग्राउंड में मैदान की साज-सज्जा, खिलाड़ियों के ठहरने की व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, दर्शकों के बैठने की सुविधाएं एवं तकनीकी व्यवस्थाएं पूरी तरह तैयार हैं। बाहरी जिलों एवं राज्यों से आने वाली टीमों के स्वागत की विशेष तैयारी की गई है, ताकि खिलाड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

मीडिया प्रभारी ने कहा कि यह प्रतियोगिता न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करेगी, बल्कि सिवनी जिले की खेल पहचान को भी नई ऊंचाई देगी। आयोजन समिति के सभी सदस्य पिछले कई दिनों से लगातार तैयारियों में जुटे हुए हैं।

उन्होंने जिले के खेल प्रेमियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें और प्रतियोगिता को सफल बनाने में अपनी सहभागिता निभाएं।

**भोपाल 11 बनी आकर्षण का केंद्र**

अभी तक मिली जानकारी के अनुसार इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग ले रही सितारों से सजी भोपाल 11 टीम विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। टीम के ऑनर काबिज़ खान, जीशान खान, कलाम खान और फैसाल मुल्ला के नेतृत्व में तैयार यह टीम संतुलित और आक्रामक संयोजन के साथ मैदान में उतरेगी। गोलकीपर आशु टीम की सुरक्षा दीवार होंगे, जबकि डिफेंस में मोहसिन, इनाम, शाकिर और सद्दाम विपक्षी टीमों के लिए चुनौती पेश करेंगे। मिडफील्ड की जिम्मेदारी साहिर भाई और मोइज संभालेंगे तथा मुस्तफा साइड हाफ की भूमिका में अहम योगदान देंगे।

**आयोजन** | अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा बाल मित्रों से जीवंत संवाद

## बोरदई शासकीय हाई स्कूल जनता नगर में सृजन बालसभा

**सिवनी नवभारत।** पुलिस मुख्यालय,मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा किशोरों के सर्वांगीण विकास हेतू चलाए जा रहे सृजन व सम्मान अभियान की गतिविधियों के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के कुशल मार्गदर्शन व नेतृत्व और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के निर्देशन और आतिथ्य में कंट्रोल रूम प्रभारी निरीक्षक ओमेश्वर ठाकरे और मार्गिक फाउंडेशन द्वारा बोरदई हाई स्कूल जनता नगर में बाल सभा में उपस्थित छात्र छात्राओं को शासकीय सेवाओं हेतु प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कैसे करें संबंधित जानकारी,कैरियर काउंसिलिंग गाइडेंस पाठ्यक्रम, सामान्य अध्ययन (इतिहास,राजव्यवस्था, अर्थव्यवस्था,भूगोल,विज्ञान,करेंट अफेयर्स,खेल व विविध),सामान्य हिंदी व अग्रेंजी,सामान्य गणित व तार्किक ज्ञान अंतर्गत पूछे जाने वाले प्रश्नों की तैयारी विद्यालय की कक्षा छठवीं से दसवीं तक की किताबों के माध्यम से कैसे करें व अन्य बुनियादी पुस्तकों की जानकारी दी गई।साथ ही विद्यालयीन पढ़ाई के साथ साथ आकाशवाणी,दूरदर्शन से प्रसारित कार्यक्रमों व समाचारों को नियमित सुनने,मुख्य तथ्यों की डायरी तैयार करने,दैनिक समाचार पत्रों और प्रतियोगिता परीक्षाओं संबंधित साप्ताहिक पत्र रोजगार निर्माण,रोजगार समाचार में प्रकाशित जानकारी को कैसे उपयोगी बनाएं व अन्य मासिक पत्रिकाओं, वार्षिकांक,ईयर बुक्स की जानकारी दी गई। साथ ही विद्यायल शिक्षा के साथ उच्च शिक्षा (महाविद्यालय, विश्वविद्यालय) हेतु मिलने वाली छात्रवृत्ति, मेडिकल, इंजीनियरिंग व अन्य तकनीकी और मानविकी विषयों, डिप्लोमा व कोर्स की सूची समझाई गई। सेना, पैरामिलिट्री ,पुलिस यूनिफार्म सर्विसेज हेतू शारीरिक व चिकित्सा मापदंड,फिजिकल टेस्ट की तैयारी की जानकारी दी गई साथ ही एक अच्छा नागरिक बनने,व्यक्तित्व विकास,साक्षात्कार प्रक्रिया में बेहतर परिणाम हेतू अन्य शैक्षणेत्तर गतिविधियों स्काउट गाइड, एनसीसी, एनएसएस, स्पोर्ट्स, सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, साहसिक गतिविधियों में प्रतिभागिता के महत्व को समझाया गया।साथ ही साइबर सुरक्षा, हेल्प लाइन (112,1090,1098,1930),याता यात सुरक्षा,राहवीर योजना,गुड टच- बैड टच,सेल्फ डिफेंस,सिविक सेंस और पुलिस विभाग की जानकारी सांझा की गई। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत प्रधान, संस्था के प्राचार्य व सभी शिक्षक शिक्षकाओं की गरिमामय उपस्थिति रही। ग्रामीण अंचलों के विद्यालय में इस तरह की जानकारी व जागरूकता कार्यक्रम और जन संवाद किशोरों को सही समय पर सही निर्णय लेने और सफल नागरिक बनने में मदद करने वाले साबित हो रहे हैं।प्रतिभागी बच्चों द्वारा जिज्ञासा व प्रश्नों के सही जवाब देने पर पुरस्कृत कर प्रोत्साहित भी किया गया।



## गौरक्षा के लिए चार धाम व 12 ज्योतिर्लिंग की पदयात्रा



सिवनी नवभारत। गौरक्षा के उद्देश्य को लेकर एक युवक चार धाम, 12 ज्योतिर्लिंग और पंच केदार की पद यात्रा पर निकला है। यूपी के सीतापुर जिले के रहने वाले आकाश शुक्ला ने बताया कि उनकी यात्रा का एक ही मकसद है कि गौरक्षा के लिए बेहतर से बेहतर काम होना चाहिए। पिछले माह एक जनवरी से सीतापुर से निकले आकाश के अनुसार वे यात्रा के दौरान लोगों को गौरक्षा का भी संदेश दे रहे हैं। आकाश के अनुसार वर्ष 2018 में उसने बाइक से चार धामों की यात्रा की थी। आकाश ने बताया कि गौरक्षा के लिए बेहतर काम होना चाहिए। इसे लेकर शासन-प्रशासन गंभीर हों। दिन भर पदयात्रा करने के बाद रात में वे रूकते हैं और सुबह फिर से यात्रा शुरु हो जाती है। वे अपने साथ जरूरी सामग्री लेकर चल रहे हैं।